# उत्तरांचल के विधायक

( नव गठित विधान सभा के सदस्य)



# उत्तरांचल के विधायक

(विधान सभा से)

| क.सं. | क्षेत्र | नाम | दल | निर्वाचित | पृष्ठ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तरकाशी (अ0जा0) | ज्ञान चंद्र | भाजपा | 91,96 | 1 |
| 2 | टिहरी | लाखी राम जोशी | " | 91,96 | 2 |
| 3 | देव प्रयाग | मातबर सिंह कण्डारी | " | 91,93,96 | 3 |
| 4 | लैन्सडाउन | भारत सिंह रावत | " | 74,77,89,91,96 | 5 |
| 5 | पौड़ी | मोहन सिंह | " | 96 | 6 |
| 6 | कर्ण प्रयाग | डॉ0रमेश पोखरियाल निशंक | " | 91,93,96 | 8 |
| 7 | बद्री केदार | केदार सिंह फोनिया | " | 91,93,96 | 10 |
| 8 | डीडीहाट | बिशन सिंह चुफाल | " | 96 | 12 |
| 9 | पिथौरागढ | कृष्ण चंद्र पुनेठा | " | 91,96 | 13 |
| 10 | अल्मोड़ा | रघुनाथ सिंह चौहान | " | 96 | 15 |
| 11 | बागेश्वर (अ0जा0) | नारायण रामदास | " | 96 | 16 |
| 12 | रानीखेत | अजय भट्ट | " | 96 | 18 |
| 13 | नैनीताल | बंशीधर भगत | " | 91,93,96 | 19 |
| 14 | खटीमा (अ0जा0) | सुरेश चंद्र आर्य | " | 85,96 | 21 |
| 15 | हल्द्वानी | तिलक राज बेहड़ | " | 93,96 | 23 |
| 16 | काशीपुर | के0 सी0 सिंह "बाबा" | भा0रा0का0 | 89,96 | 24 |
| 17 | रूड़की | राम सिंह सैनी | सपा | 80,89,96 | 26 |
| 18 | लक्सर | काजी मोहम्मद मोहिउद्दीन | बसपा | 74,77,80,85,89,96 | 28 |
| 19 | हरिद्वार | अम्बरीष कुमार | सपा | 96 | 30 |
| 20 | मसूरी | राजेन्द्र सिंह | भाजपा | 91,93,96 | 31 |
| 21 | देहरादून | हरवंश कपूर | " | 89,91,93,96 | 32 |
| 22 | चकराता (अ0 जनजा0) | मुन्ना चौहान | सपा | 91,96 | 33 |

(विधान परिषद से)

| क.सं. | नाम | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1 | नित्यानन्द स्वामी | 34 |
| 2 | डॉ. (श्रीमती) इंदिरा हृदयेश | 37 |
| 3 | नरायन सिंह राना | |
| 4 | तीरथ सिंह रावत | |
| 5 | श्री प्रकाश पंत | |
| 6 | श्रीमती निरूपमा गौड़ | |
| 7 | भगत सिंह कोश्यारी | |
| 8 | ईशम सिंह | |



**ज्ञान चन्द्र,**

निर्वाचन क्षेत्र–1, उत्तर काशी (अ० जा०)
जिला–उत्तरकाशी
दल–भारतीय जनता पार्टी

पिता–श्री प्रेम चन्द्र । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1960 । जन्म स्थान–ज्ञाता टकनौर । (उत्तरकाशी) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (शिल्पकार) । शिक्षा–स्नातकोत्तर (राजनीति शास्त्र) । विवाह तिथि–11 अक्टूबर, 1986 । पत्नी का नाम–श्रीमती बलमदेवी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि तथा पशुपालन (भेड़-बकरी) ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 में तथा अब सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1994 में उत्तराखण्ड आन्दोलन में नयी टिहरी–कारागार में आप 14 दिन बन्दी रहे । वर्ष 1981, 1982 तथा 1983-84 में आप रा० स्नातक महाविद्यालय छात्रसंघ के क्रमशः कोषाध्यक्ष, महासचिव तथा अध्यक्ष रहे हैं । सम्प्रति विधान सभा की प्राक्कलन समिति (1997-98) के आप सदस्य हैं ।

पर्यटन, कृषि, पशुपालन, खेलकूद तथा सांस्कृतिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–वीरपुर, डुन्डा, जिला–उत्तरकाशी ।

कुल मतदाता–2.01.928, कुल मतदान–95.908.

प्राप्त मत–1–श्री ज्ञान चन्द्र–48.862.

2–श्री बरफिया लाल जुवांठा–16.707 (निर्दलीय) ।

---



## लाखीराम जोशी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–2, टिहरी,
जिला–टिहरी गढ़वाल ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० सदानन्द जोशी । जन्म तिथि–5 जून, 1959 । जन्म स्थान–ग्राम–बेरनी, पट्टी कुजणी । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक, हिन्दी–साहित्य रत्न (हिन्दी वि० वि०, इलाहाबाद) । विवाह तिथि–22 अप्रैल, 1983 । पत्नी का नाम–श्रीमती बसन्ती देवी । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि तथा पत्रकारिता ।

मई–जून,1991 में प्रथमवार तथा अब सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भी भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप विभिन्न आन्दोलनों में धारा–107/116/151 के अन्तर्गत लगभग 3 माह जिला-कारागार, टिहरी में बन्दी रहे । विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के 1991-92 में आप सदस्य रहे हैं । सम्प्रति याचिका समिति (1997-98) के सदस्य हैं । आप 1983 से कृषक संघर्ष समिति धनौल्टी, 1984 से उत्पीड़न विरोधी संघर्ष समिति, 1985 से खोखा दुकानदार यूनियन नयी टिहरी चम्बा, 1986 से मजदूर संघर्ष समिति, बेरोजगार संघर्ष समिति तथा भ्रष्टाचार विरोधी संघर्ष समिति के संरक्षक हैं ।

निःस्वार्थ जनसेवा एवं धार्मिक विषयों के अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा लेखन, पत्रकारिता, सत्संग और आध्यात्मिक चर्चा प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम एवं पोस्ट–बेरनी, पट्टी कुजणी, जिला–टिहरी गढ़वाल ।

कुल मतदाता–2,21,340, कुल मतदान–94,964.

प्राप्त मत–1–श्री लाखीराम जोशी–37,717.

2–श्री बलवीर सिंह नेगी–20,445 [अखिल भारतीय इंदिरा कांग्रेस (तिवारी) ] ।

---



**मातबर सिंह कण्डारी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–3. देव प्रयाग,
जिला–टिहरी गढ़वाल ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री नागचन्द्र सिंह कण्डारी । जन्म तिथि–2 जनवरी, 1942 । जन्म स्थान–जाख (टिहरी गढ़वाल) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम० ए० (अर्थशास्त्र), साहित्यरत्न, बी० टी०, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–29 मई, 1968 । पत्नी का नाम–श्रीमती लीला कण्डारी । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि तथा समाज सेवा ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार, नवम्बर, 1993 में दूसरी बार तथा अब सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । वर्ष 1991-92 में आप विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति तथा वर्ष 1993-94 में नियम समिति के सदस्य रहे । दिनांक 27 मार्च, 1997 से 20 सितम्बर, 1997 तक आप सुश्री मायावती मंत्रिमण्डल में उत्तरांचल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं और श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में दिनांक 21 सितम्बर, 1997 से उत्तरांचल विकास राज्य मंत्री (1 नवम्बर, 1997 तक स्वतंत्र प्रभार) हैं । आप दो बार विकास खण्ड जटखौली, टिहरी गढ़वाल के ब्लाक प्रमुख (10 वर्ष) रहे । आप वर्ष 1987 से जीवन ज्योति बहुउद्देशीय समिति, ऋषिकेश, वर्ष 1993 से उत्तरांचल महिला ... समिति, रानी पोखरी, देहरादून के प्रबन्धक तथा वर्ष 1985 से कुक्कुट ... बहुउद्देशीय समिति ऋषिकेश, देहरादून के संरक्षक हैं । "गुनगुनाहट" ... आपकी एक पुस्तक प्रकाशनाधीन है ।

समाज सेवा, राजनीति तथा हिन्दी साहित्य में आपकी विशेष रुचि है और कविताएं लिखना और पढ़ना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–जाख पट्टी, नैलचामी, पोस्ट–डांगी, जिला–टिहरी गढ़वाल ।

कुल मतदाता–1.98.230. कुल मतदान–85.637.

प्राप्त मत–1–श्री मातबर सिंह कण्डारी–38.093.

2–श्री मंत्री प्रसाद नैथानी–24.576 (उत्तराखण्ड क्रान्तिदल) ।

---



**भारत सिंह रावत,**

निर्वाचन क्षेत्र–4, लैन्सडाउन

जिला–पौड़ी गढ़वाल

दल–भारतीय जनता पार्टी

पिता–श्री गुमान सिंह रावत । जन्म तिथि–25 जनवरी, 1937 । जन्म स्थान–ग्राम चपड़ेत पट्टी बदलपुर । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी० एस-सी०, एम० ए०, बी० एड० । विवाह–1961 में । पत्नी का नाम–श्रीमती दर्शनी रावत । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

1974 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार कांग्रेस के टिकट पर, 1977 के निर्वाचन में दूसरी बार जनता पार्टी के टिकट से, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार, मई-जून, 1991 में पुनः कांग्रेस के टिकट पर चौथी बार तथा अब सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में पांचवीं बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के लिये चुने गये हैं । 1962 से 1974 तक आप क्षेत्र समिति, रिखनी के ब्लाक प्रमुख, 1966–1972 तक जिला सहकारी बैंक, गढ़वाल के प्रबन्ध निदेशक, 1967 से 1969 तक पर्वतीय विकास परिषद् के सदस्य तथा 1988 से जिला परिषद् गढ़वाल के अध्यक्ष रहे हैं । प्रशासन की वन स्थायी समिति के 1980 तक सदस्य रहे । आप वर्ष 1990-91 में विधान सभा पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति के भी सदस्य रहे हैं तथा वर्ष 1997–98 में भी इसी समिति के सदस्य हैं ।

शिक्षा, खेलकूद तथा अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–कोटद्वार, पौड़ी ।

कुल मतदाता–1,91,989, कुल मतदान–1,02,735.

प्राप्त मत—1–श्री भारत सिंह रावत–56,576.

2–श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी–23,366 (निर्दलीय) ।

---

6



**मोहन सिंह रावत गा**

निर्वाचन

जिला–पौ

दल–भारतीय ज

पिता–श्री श्याम सिंह रावत । जन्म तिथि–2 फरवरी, 1948 । ज ग्रा०–आमधार (तरुली) बछेली (पौड़ी गढ़वाल) । धर्म–सनातन शिक्षा–बी०एस–सी० । विवाह तिथि–17 मई, 1970 । पत्नी का नाम–श्रीम देवी रावत गांववासी । व्यवसाय–पत्रकारिता तथा सामाजिक कार्यकर्ता ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष आपातकाल में, उत्तराखण्ड तथा गढ़वाल विश्वविद्यालय से संबंधित आन्दोलनों में आप लगभग एक वर्ष (कुल 37 बार) पौड़ी, बरेली, देहरा दिल्ली कारागार में बन्दी रहे । आप उत्तरांचल भारतीय जनता पार्टी उपाध्यक्ष 1996 से, विभाग सचिव 1980 में, जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय परि प्रान्तीय कार्यकारिणी के सदस्य, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय और भारतीय जनता युवा मोर्चा के संगठन मंत्री, अनेक छात्र संघों के महामंत्री तथा मॉक पार्लियामेण्ट के प्रधानमंत्री रहे । आप राष्ट्रीय स्वयं के प्रचारक 15 वर्ष, स्वामी विवेकानन्द विचार केन्द्र के संयोजक 7 व विद्यालयों की प्रबन्धकीय समितियों, उत्तराखण्ड शोध-संस्थान तथा विद्यालय, नन्हीं दुनिया के सदस्य क्रमशः 30. 5 और 10 वर्ष, गां आन्दोलन तथा सामाजिक पर्यटन अभियान के संस्थापक-संयोजक क्रम 12 वर्ष रहे हैं । आप पर्यटन के प्रयोजन से नेपाल की यात्रा कर चुके साप्ताहिक "योगभूमि" के प्रधान सम्पादक तथा हिन्दुस्तान समाचार के भी रहे हैं । आपके अनेक लेख, विविध विषयों पर शोध-पत्र, कवित कहानियां हिन्दी, अंग्रेजी और गढ़वाली भाषा की पत्र-पत्रिकाओं में प्र

आपने एन० सी० सी० में बटालियन सीनियर अण्डर आफिसर का सम्मान "सी" सर्टिफिकेट और नेशनल वालनटियर फोर्स तथा स्काउट का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपने अनेक शिशु मंदिरों की स्थापना की है तथा प्रधानाचार्य के रूप में कार्य भी किया है।

रुचि, लेखन, पर्यटन, साहसिक पद यात्राओं, ट्रेकिंग, पर्वतारोहण एवं ...त में आपकी विशेष रुचि है तथा योगासन, भजन-कीर्तन एवं राष्ट्रीय स्वय संघ की शाखा में आयोजित खेल प्रिय हैं।

पता-झाली माली देवी आश्रम, क्यूकालेश्वर पौड़ी, जिला-पौड़ी-गढ़वाल।

मतदाता-1.85.688. कुल मतदान-84.166.

मत-1-श्री मोहन सिंह रावत गांववासी-46.232.

2-डा० हरक सिंह रावत-18.816 (जनता दल)

---



## रमेश पोखरियाल "निशंक", डा०

निर्वाचन क्षेत्र–6, कर्ण प्रयाग,
जिला–पौड़ी गढ़वाल ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० परमानन्द पोखरियाल । जन्म तिथि–15 अगस्त, 1959 । जन्म स्थान–ग्राम–पिनानी (गढ़वाल) । धर्म–हिन्दू । जाति–ब्राह्मण । शिक्षा–एम०ए०, ...साल, पत्रकारिता एवं पी-एच०डी० । विवाह तिथि–17 मई, 1985 । पत्नी का नाम–श्रीमती कुसुम कान्ता पोखरियाल । । सन्तान–तीन पुत्रियां । व्यवसाय–पत्रकारिता एवं लेखन ।

सर्वप्रथम मई–जून, 1991 में, नवम्बर, 1993 में दूसरी बार तथा अब ...र–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में भी आप तीसरी बार उ०प्र० विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । दिनांक 27 अक्टूबर, 1997 से आप कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में उत्तरांचल विकास मंत्री हैं । आप वर्ष 1991–92 में ... संगीत नाटक अकादमी, पर्यटन समिति, श्रम एवं सेवायोजन समिति एवं ... सभा की याचिका समिति के सदस्य रहे हैं तथा गढ़वाल विश्वविद्यालय, ... की कार्य-परिषद् के सदस्य वर्ष 1991 से अब तक हैं । विधान सभा की ...क उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (1997-98) के सदस्य रहे हैं । नवी-... संस्थान के निदेशक पांच वर्ष से, गढ़वाल पत्रकार परिषद् के उपाध्यक्ष ...-90) और पर्वतीय विकास परिषद् के महासचिव, उत्तराखण्ड लेखक मंच ... एवं 'परिवेश' साहित्यिक संस्था के अध्यक्ष तीन वर्ष से हैं । आपके द्वारा ... समर्पण, नवांकुर, मुझे विधाता बनना है, मातृभूमि के लिए, क्या नहीं हो ... भीड़ साक्षी है, खड़े हुए प्रश्न, तुम भी मेरे साथ चलो, देश हम जलने न ... पथ में, बस एक ही इच्छा और चेतना आदि एक दर्जन से अधिक ...क, प्रकाशन, पौड़ी (गढ़वाल) से प्रकाशित हो चुकी हैं । आप दैनिक ... के सम्पादक भी हैं ।

साहित्य, पत्रकारिता एवं सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है। कविता, कहानी, उपन्यास–लेखन एवं साहित्यिक चर्चा प्रिय है।

मुख्यावास–अपर बाजार, पौड़ी (गढ़वाल)।

कुल मतदाता–1.71.531. कुल मतदान–87.731.

प्राप्त मत–1–डा० रमेश पोखरियाल "निशंक"–37.941.

2–डा० शिवानन्द नौटियाल–26.939 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)।



**केदार सिंह फोनिया, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–7. बद्रीकेदार,
जिला–चमोली।
दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–स्व० माधो सिंह फोनिया । जन्म तिथि–6 अक्टूबर, 1930 । जन्म स्थान–जोशीमठ (जिला–चमोली) । धर्म–हिन्दू । जाति-अनुसूचित जनजाति (क्षत्रिय) । शिक्षा–एम० ए० (इलाहाबाद) संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रायोजित पर्यटन में डिप्लोमा (प्राग वि० वि० चेकोस्लोवाकिया) । विवाह तिथि–अप्रैल, 1955 । पत्नी का नाम–श्रीमती कमला फोनिया । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–राजकीय सेवा से सेवा निवृत्त ।

मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार लगातार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1993 में "लोकतंत्र बचाओ आन्दोलन" में तिहाड़ ओपन जेल, दिल्ली में एक दिन (25-2-93) तथा दिनांक 17 दिसम्बर, 1995 को भी नई दिल्ली में ही 'उत्तरांचल राज्य बनाओ', 'लोकतंत्र बचाओ' एवं 'राज्यपाल हटाओ आन्दोलन' में आप बन्दी रहे । आप पर्यटन विभाग (भारत सरकार) के निदेशक, भारतीय पर्यटन निगम के क्षेत्रीय प्रबन्धक, पर्वतीय विकास निगम के डिवीजनल मैनेजर एवं गढ़वाल मण्डल विकास निगम तथा स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन दिल्ली के जनरल मैनेजर रहे हैं । श्री कल्याण सिंह मंत्रिमंडल में 24 जून, 1991 से दिसम्बर, 1992 तक आप पर्यटन, सांस्कृतिक कार्य, युवा कल्याण एवं खेलकूद विभाग के मंत्री रहे हैं । वर्ष 1993-95 में विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति के आप सदस्य रहे । सम्प्रति विधान सभा की नियम समिति (1997-98) के सदस्य हैं । आप शासकीय कार्य हेतु यूरोप, अफ्रीका, श्रीलंका, मिडिल ईस्ट (सम्पूर्ण), साउथ ... देशों की एवं पर्यटन व्यवसाय तथा अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार हेतु थाईलैण्ड, नेपाल

लेबनान, जर्मनी, फ्रान्स, इंग्लैण्ड, स्विटजरलैण्ड, कुवैत, जिम्बाम्बे, चेकोस्लोवाकिया इत्यादि देशों की यात्रा की हैं।

आपने "उत्तराखण्ड के धार्मिक एवं पर्यटन स्थल" तथा "वैली आफ फ्लावर्स" शीर्षक से पुस्तकें लिखी हैं। अवकाश के दिनों में आप पर्वतीय विकास संबंधी मामलों में क्षेत्रीय जनता की सेवा करते हैं। आप उत्तर प्रदेश स्कीइंग एण्ड एडवेन्चर स्पोर्टस एसोसियेशन के अध्यक्ष रहे हैं।

पर्यटन, पर्यावरण, खेलकूद, उत्तरांचल विकास में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–"माधोकुंज" नन्दा देवी कालोनी, जोशीमठ, जिला–चमोली।

कुल मतदाता–2,26,495, कुल मतदान–1,02,136.

प्राप्त मत–1–श्री केदार सिंह फोनिया–48,138.

2–श्री सत्येन्द्र सिंह बर्त्वाल–24,614 (अखिल भारतीय इन्दिरा कांग्रेस तिवारी।

---



**विशन सिंह चुफाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–8. डीडीहाट।

जिला–पिथौरागढ़।

दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री नारायण सिंह चुफाल । जन्म तिथि–13 मई, 1950 । जन्म स्थान–ग्राम–दाकूं (पिथौरागढ़) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातकोत्तर, बी० एड० । विवाह तिथि–28 जून. 1980 । पत्नी का नाम–श्रीमती जानकी चुफाल । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं अभिकर्ता जीवन बीमा ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपने राम जन्म भूमि आन्दोलन में भाग लिया पर जेल नहीं गये । वर्ष 1978 से आप लेबर सोसायटी के अध्यक्ष हैं ।

सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा बच्चों के साथ खेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–दांकू, पोस्ट–दूनाकोट डीडीहाट, जिला–पिथौरागढ़ ।

कुल मतदाता–1,73,650, कुल मतदान–79,560.

प्राप्त मत—1–श्री विशन सिंह चुफाल–29,729.

2–श्री काशी सिंह ऐरी–23,658 (उत्तराखण्ड क्रान्ति दल) ।



## कृष्ण चन्द्र पुनेठा, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–9. पिथौरागढ़,
जिला–पिथौरागढ़ ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० प्रेम चन्द्र पुनेठा । जन्म तिथि–4 जून, 1951 । जन्म स्थान–ग्राम–फोर्ती लोहाघाट (पिथौरागढ़) । धर्म–हिन्दू । जाति–ब्राह्मण । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–5 मार्च, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती विद्या पुनेठा । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि तथा अध्यापन ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 में तथा अब सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भी आप भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप पार्टी द्वारा आयोजित जेल भरो आन्दोलन, वन अधिनियम 1980 विरोधी आन्दोलन, राम ज्योति आन्दोलन में एक-एक दिन बागेश्वर और लोहाघाट में, श्री राम जन्म भूमि आन्दोलन में सब सेन्ट्रल जेल, हल्द्वानी में 27 अक्टूबर, 1990 से 9 नवम्बर, 1990 तक धारा–151 ए के अन्तर्गत तथा दिल्ली चलो आन्दोलन में पुलिस लाइन, पिथौरागढ़ में धारा–188 के अन्तर्गत 25 फरवरी, 1993 से 2 मार्च, 1993 तक बन्दी रहे । 1 जनवरी, 1992 से 1993 तक आप श्री बद्रीनाथ एवं केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष, 4 वर्ष तक भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रहे हैं । सम्प्रति राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जीवन वृती स्वयं सेवक, सरस्वती शिशु मंदिर एवं विवेकानन्द विद्या मंदिर की कार्यकारिणी के सदस्य, वर्ष 1993 से ग्रीन हिल पब्लिक स्कूल, चौड़ी के अध्यक्ष तथा लोहाघाट क्लब के सचिव एवं आजीवन सदस्य हैं । भ्रमण के उद्देश्य से आपने नेपाल की यात्रा की है । सम्प्रति विधान सभा की सरकारी आश्वासन संबंधी समिति (1997-98) के सदस्य हैं ।

सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बागवानी में आपकी विशेष रुचि है तथा पत्र-पत्रिकाओं का अध्ययन एवं बैडमिण्टन खेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–लोहाघाट, जिला–पिथौरागढ़ ।

कुल मतदाता–2,03,454, कुल मतदान–90,100,

प्राप्त मत–1–श्री कृष्ण चन्द्र पुनेठा–37,125,

2–श्री महेन्द्र सिंह माहरा "मह्रू" 26,276 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)

---



**रघुनाथ सिंह चौहान, श्री**
निर्वाचन क्षेत्र–10, अल्मोड़ा,
जिला–अल्मोड़ा ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री लछम सिंह चौहान । जन्म तिथि–22 अक्टूबर, 1949 । जन्म स्थान–गौना (अल्मोड़ा) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–10 दिसम्बर, 1979 । पत्नी का नाम–श्रीमती तुलसी चौहान । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1992 से 96 तक आप भा०ज०पा० के मण्डल अध्यक्ष रहे हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–गौना, पोस्ट–जलना हाल–नन्दा देवी मार्ग, जिला–अल्मोड़ा ।

कुल मतदाता–2,00,458, कुल मतदान–84,605.

प्राप्त मत–1–श्री रघुनाथ सिंह चौहान–41,739,
2–श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल–25,010 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



## नारायण राम दास, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–11. बागेश्वर (अ० जा०),
जिला–अल्मोड़ा।
दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–स्व० फकीरा दास। जन्म तिथि–26 मई, 1945। जन्म स्थान–ग्राम–खोली (बागेश्वर)। धर्म–हिन्दू। जाति–अनुसूचित जाति। शिक्षा–एम० ए० (राजनीति विज्ञान), एल-एल० बी०, हिन्दी पत्रकारिता में डिप्लोमा। विवाह तिथि–4 फरवरी, 1971। पत्नी का नाम–श्रीमती बसन्ती दास। सन्तान–तीन पुत्र। व्यवसाय–वकालत।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथमबार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। आप जिला जेल, अल्मोड़ा, थाना बागेश्वर तथा नई दिल्ली में फरवरी, 1994 में धारा-107/116 सी० आर० पी० सी० के अन्तर्गत लगभग एक सप्ताह बन्दी रहे। वर्ष 1965 से 1970 तक सामाजिक कार्यकर्ता, 1971 से 1974 तक भूमिहीन संघर्ष समिति, बागेश्वर के अध्यक्ष एवं शिल्पकार संगठन, स्यूनबाढ़ के कानूनी सलाहकार, वर्ष 1974-75 में ग्रामोत्थान छात्र संगठन, अल्मोड़ा के अध्यक्ष, वर्ष 1980-83 में बार एसोसियेशन, बागेश्वर के उपाध्यक्ष, वर्ष 1987-89 में हरिजन एकता परिषद्, अल्मोड़ा के अध्यक्ष रहे हैं। सम्प्रति श्री कल्याण सिंह सरकार में आप दिनांक [illegible] अक्टूबर, 1997 से उत्तरांचल विकास विभाग के राज्य मंत्री हैं।

समाज कल्याण, निर्धनों की सेवा तथा समान शिक्षा आदि कार्यक्रमों में आपकी रुचि है और अन्याय के विरुद्ध शान्तिपूर्ण संघर्ष करना प्रिय है।

मुख्यावास–दुर्ग बाजार, बागेश्वर, जिला–अल्मोड़ा।
कुल मतदाता–1.72,766, कुल मतदान–70.063.
प्राप्त मत–1–श्री नारायण राम दास–41.718.
2–श्री राम प्रसाद टम्टा–21.770 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)।



**अजय भट्ट, श्री**
निर्वाचन क्षेत्र–12, रानीखेत,
जिला–अल्मोड़ा।
दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–स्व० कमलापति भट्ट। जन्म तिथि–1 मई, 1961। जन्म स्थान–रानीखेत (स्प्रींग फील्ड)। धर्म–हिन्दू। शिक्षा–स्नातक, एल-एल०बी०। विवाह तिथि–28 फरवरी, 1986। पत्नी का नाम–श्रीमती पुष्पा भट्ट (एडवोकेट)। सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां। व्यवसाय–वकालत।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुये हैं। उत्तरांचल पृथक राज्य हेतु चलाये गये आन्दोलन में आपने अल्मोड़ा एवं दिल्ली में गिरफ्तारी दी तथा राम मंदिर आन्दोलन में दिनांक 18 अक्टूबर, 1990 एवं 26 अक्टूबर, 1990 को क्रमशः अयोध्या (फैजाबाद) एवं अल्मोड़ा जेल में बन्दी रहे। उत्तरांचल पृथक राज्य संघर्ष समिति के आप लगातार 3 वर्षों तक केन्द्रीय सदस्य तथा वाल्मीकि समाज, रानीखेत के संरक्षक रहे हैं। श्रमिक संघ को-आपरेटिव ड्रग फैक्ट्री, रानीखेत के वर्ष 1991 से अध्यक्ष तथा अनेक संस्थाओं के आप निः शुल्क कानूनी सलाहकार हैं। आप बचपन से ही स्वावलम्बी रहे हैं।

समाज सेवा, बेरोजगार नवयुवकों में स्वावलम्बन एवं आत्म विश्वास उत्पन्न कराने में आपकी विशेष रुचि है तथा महापुरुषों की जीवनी, इतिहास, अखबार पढ़ना, पर्यटन और बागवानी प्रिय है।

मुख्यावास–784, गांधी चौक, रानीखेत (अल्का होटल के पीछे), जिला अल्मोड़ा।
कुल मतदाता–1,85,603, कुल मतदान–73,516,
प्राप्त मत– 1–श्री अजय भट्ट–30,241,
2–श्री रणजीत सिंह–24,916 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)।



## बंशीधर भगत, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–13. नैनीताल,
जिला–नैनीताल ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री टीका राम भगत । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1951 । जन्म स्थान-ग्राम–भक्यूड़ा (नैनीताल) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह तिथि–1 मार्च, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती निर्मला भगत । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 में, दूसरी बार नवम्बर, 1993 में तथा अब सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार भी आप भा० ज० पा० से विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए हैं । किसान आन्दोलन और श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आन्दोलन तथा जमरानी बांध के मामले में आप हल्द्वानी सब जेल और ...जिला जेल में धारा 151/188 आदि के अन्तर्गत वर्ष 1990 में 21 दिन तक बन्दी रहे । आप विधान सभा की सरकारी आश्वासन संबंधी समिति तथा ...न पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति के भी सदस्य रहे हैं । किसान संघर्ष समिति, ...के पांच वर्ष, कृषक सेवा समिति के दो वर्ष और श्री ग्रामीण राम लीला ..., ऊंचापुर के अध्यक्ष चौदह वर्ष तक रहे हैं । दिनांक 27 मार्च, 1997 से ...सितम्बर, 1997 तक आप सुश्री मायावती मंत्रिमण्डल में खाद्य एवं रसद विभाग ...मंत्री रहे हैं । दिनांक 21 सितम्बर, 1997 से श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल ...म्बर, 1997 तक सार्वजनिक उद्यम राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और अब ...विकास राज्य मंत्री हैं ।

...क्ति के कार्यों में और राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा पुस्तकों का ...प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–लेहरिया साल मल्ला, पो० कठघरिया, हल्द्वानी, जिला–नैनीताल
कुल मतदाता–2.25753, कुल मतदान–1.20.084.
प्राप्त मत–1–श्री बंशीधर भगत–53.064

2–डा० भूपाल सिंह भाकुनी–28.412 (बहुजन समाज पार्टी) ।

---



## सुरेश चन्द्र आर्य, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–14. खटीमा (अ०जा०),
जिला–ऊधम सिंह नगर।
दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री तेज राम । जन्म तिथि–11 जुलाई, 1950 । जन्म न–ओखलकाण्डा । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–बी०एस-सी०, ०ए०, बी० एड०, एल-एल० बी० (कुमायूं तथा लखनऊ वि०वि०) । विवाह थि–14 दिसम्बर, 1983 । पत्नी का नाम–श्रीमती बीना आर्या । सन्तान–एक पुत्र, पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार कांग्रेस (आई०) से तथा म्बर-अक्तूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भारतीय जनता र्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप वर्ष 1977-78 न्द्रीय कारागार, बरेली में धारा–144 के उल्लंघन में 21 दिन बन्दी रहे । विधान की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी मा समिति (1985-86) तथा विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (1986- के आप सदस्य रहे हैं । 1975-76 में आप छात्र संघर्ष समिति, नैनीताल और खण्ड अनुसूचित जाति जनजाति स्नातक संघ के अध्यक्ष, 1976-79 में एस० यू० आई० के डिवीजनल सचिव, 1980-84 में किसान कांग्रेस उत्तर के संगठन मंत्री, 1983 से 1985 तक जिला कांग्रेस कमेटी के मंत्री तथा से 1987 तक अनुसूचित जाति, जनजाति भूमि आवंटन समिति के सदस्य रहे म्प्रति आप वर्ष 1985 से श्री खुशीराम शिल्पकार सुधारिणी, कुमायूं मण्डल 988 से श्री खुशीराम शिल्पकार सभा कुमायूं के महामंत्री हैं ।

समाज सेवा एवं निर्धन वर्ग की सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन न प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–तल्ला पचौनिया, चोरगलिया, हल्द्वानी, जिला–नैनीताल।
कुल मतदाता–2.67.596. कुल मतदान–1.63.595.
प्राप्त मत—1–श्री सुरेश चन्द्र आर्य–56.449.
2–श्री यशपाल आर्य–35.120 [अखिल भारतीय इन्दिरा कांग्रेस (तिवारी) ]।

---

**तिलकराज बेहड़, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–15, हल्द्वानी
जिला–ऊधम सिंह नगर
दल–भारतीय जनता पार्टी

पिता–स्व० दिलबाग राम बेहड़ । जन्म तिथि–1 फरवरी, 1957 । जन्म स्थान–ग्राम–मलसा गिरधरपुर, रुद्रपुर (ऊधमसिंह नगर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–6 मार्च, 1980 । पत्नी का नाम–श्रीमती वीना बेहड़ । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1993 में तथा अब सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी से ही विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । सन् 1990 में जन आन्दोलनों के दौरान आप राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत एक माह हल्द्वानी और अल्मोड़ा-कारागार में बन्दी रहे । आप जनता इण्टर कालेज के सदस्य, सरस्वती शिशु मंदिर तथा राम लीला कमेटी के महामंत्री और रेड़ी यूनियन के संयोजक हैं । वर्ष 1997-98 के लिए विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति के आप सदस्य हैं ।

मुख्यावास–आवास विकास कालोनी, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर ।

कुल मतदाता–3.38.050, कुल मतदान–1,97,126,

प्राप्त मत–1–श्री तिलकराज बेहड़–87.886,

2–श्री सुनील कुमार–50,759 (बहुजन समाज पार्टी) ।

---



## के० सी० सिंह "बाबा", श्री

निर्वाचन क्षेत्र–16. काशीपुर,
जिला–ऊधम सिंह नगर ।
दल–अखिल भारतीय इन्दिरा कांग्रेस (ति०) ।*

पिता–राजा हरीश चन्द्र राज सिंह । जन्म तिथि–29 मार्च, 1947 । जन्म स्थान–काशीपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–क्षत्रिय । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–16 जनवरी, 1974 । पत्नी का नाम–श्रीमती मणिमाला सिंह । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार निर्दलीय तथा अब सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार अखिल भारतीय इन्दिरा कांग्रेस (तिवारी) से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । वर्ष 1988 से 1994 तक आप नगर पालिका, काशीपुर के अध्यक्ष तथा इण्डियन पावर लिफ्टिंग एसोसियेशन के उपाध्यक्ष रहे हैं । वर्ष 1996 से उ० प्र० पावर लिफ्टिंग, कुमायूं बाडी बिल्डिंग एसोसियेशन के अध्यक्ष तथा उ० भारत्तोलन संघ के संरक्षक हैं । शिक्षा के प्रयोजन से आपने नेपाल की तथा वर्ष 1984 में एशिया पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इण्डोनेशिया की यात्रा की है । वर्ष 1984 की एशिया पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में आपको दो रजत पदक और दो कांस्य पदक प्राप्त हुए हैं । वर्ष 1997-98 के लिये विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के आप सदस्य हैं ।

खेलकूद (पावर लिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग, कराटे, बाक्सिंग व फुटबाल) में आपकी विशेष रुचि है तथा सादा भोजन और वन्य जीवन प्रिय है ।

---

*3 अप्रैल, 1997 से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल के सदस्य ।

मुख्यावास–फोर्ट काशीपुर, मो०–कटोराताल, पो०–काशीपुर, जिला–ऊधम नगर।

कुल मतदाता–2,69,137, कुल मतदान–1,71,061,

प्राप्त मत–1–श्री के० सी० सिंह "बाबा"–56,998,

2–श्री राजीव कुमार–54,340 (भारतीय जनता पार्टी)।

---



**राम सिंह सैनी**

निर्वाचन क्षेत्र–420, रु

जिला–हरि

दल–समाजवादी पार्टी

पिता–श्री नाहर सिंह सैनी । जन्म तिथि–15 जुलाई, 1931 । जन्म स्थान–ग्राम–कुरड़ी, (हरिद्वार) । धर्म–वैदिक (हिन्दू) । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–एम० ए० (अंग्रेजी एवं अर्थशास्त्र) आगरा विश्वविद्यालय, बी० टी० । विवाह तिथि–6 जून, 1948 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुखदा सैनी । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि तथा अध्यापन ।

मई, 1980 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथमबार और नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर तथा अब समाजवादी पार्टी के टिकट पर, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप विभिन्न प्रदर्शनों एवं आन्दोलनों तथा धारा–144 के उल्लंघन में आदर्श जेल एवं जिला जेल, लखनऊ तथा उप कारागार, रुड़की (हरिद्वार) में वर्ष 1968 में 32 दिन, 1972 में 10 दिन, 1974 में 8 दिन तथा 1978 में 12 दिन बन्दी रहे । 6 मई, 1968 से 5 मई, 1974 तक शिक्षक दल से तथा 20 अक्टूबर, 1989 से 10 दिसम्बर, 1989 तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से आप उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सदस्य भी रहे । आप 1968 से 1974 तक सचेतक एवं 1984 से 1985 तक राज्य मंत्री रहे हैं । वर्ष 1980-85 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति के सदस्य रहे । सम्प्रति विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (1997-98) के सदस्य हैं । आप के० वी० इण्टर कालेज, लक्सर (हरिद्वार) के प्रधानाचार्य 30 वर्ष, सहकारी गन्ना समिति लि०, इकबालपुर (रुड़की) के अध्यक्ष एक वर्ष, जिला सहकारी बैंक, रुड़की के उपाध्यक्ष छः वर्ष तथा मेरठ विश्वविद्यालय, मेरठ एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड, इलाहाबाद के क्रमशः चार वर्ष व [illegible] वर्ष तक सदस्य रहे हैं ।

आप द्वारा लिखित "अतुल इण्टरमीडिएट इंग्लिश गाइड" नामक पुस्तक प्रकाशित हो चुकी है ।

सामाजिक सेवा, अध्यापन, कृषि एवं बागवानी में आपकी विशेष रुचि है तथा भ्रमण प्रिय है।

मुख्यावास–766, पश्चिमी अम्बर तालाब, रुड़की, जिला–हरिद्वार।

कुल मतदाता–2,48,852, कुल मतदान–1,63,298.

प्राप्त मत–1–श्री राम सिंह सैनी–58,901.

2–डा० पृथ्वी सिंह 'विकसित'–55,004 (भारतीय जनता पार्टी)।



## काजी मोहम्मद मोहीउद्दीन, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–421, लक्सर,
जिला–हरिद्वार ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० काजी अब्दुल वली । जन्म तिथि–25 दिसम्बर, 1940 । जन्म स्थान–मंगलौर (हरिद्वार) । धर्म–मुस्लिम । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–25 दिसम्बर, 1969 । पत्नी का नाम–श्रीमती नफीस फातमा । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

वर्ष 1974 के सामान्य निर्वाचन में आप भारतीय क्रान्ति दल से, 1977, 1980 तथा 1985 में लोकदल (जनता पार्टी) से, वर्ष 1989 में पांचवीं बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से तथा अब सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में छठी बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । श्री रामनरेश यादव सरकार में आप राज्य मंत्री, श्री बनारसी दास सरकार में मंत्री तथा बसपा–भाजपा सरकार में 27 मार्च, 1997 से 19 अक्टूबर, 1997 तक कारागार राजनीतिक पेंशन और वन मंत्री रहे हैं । विधान सभा की सरकारी [illegible]शासन संबंधी समिति, विशेषाधिकार समिति, विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति तथा याचिका समिति के आप सदस्य रहे हैं । माया त्यागी काण्ड में अदालत [illegible] कार्य में बाधा डालने के कारण लगभग एक माह रुड़की कारागार में बन्दी रहे । [illegible] छात्र जीवन में जामिया मिल्लिया, दिल्ली के उपाध्यक्ष (1958-59), अलीगढ़ [illegible]विद्यालय के काबीना सदस्य (1961), नेशनल काउन्सिल आफ यूनिवर्सिटी [illegible] इण्डिया के जनरल सेक्रेटरी एवं कार्यकारिणी के सदस्य (1962-63), [illegible] आप पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय की प्रबन्ध समिति के सदस्य [illegible]8) एवं प्रोवेशन बोर्ड के अध्यक्ष (1977-78) रहे हैं तथा विगत 8 वर्षों से [illegible] एम० डिग्री कालेज, रुड़की की कार्यकारिणी के सदस्य हैं । आप द्वारा [illegible] में लिखित "उमंग" शीर्षक पुस्तक जामिया मिल्लिया, दिल्ली से प्रकाशित [illegible] ।

कृषि एवं साहित्य-अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा घुड़सवारी, बैडमि[ंटन] और पर्यटन प्रिय है।

मुख्यावास–मो०–किला, कस्बा–मंगलौर, जिला–हरिद्वार,

कुल मतदाता–2.11.350, कुल मतदान–1.56.836.

प्राप्त मत–1–श्री काजी मो० मोहीउद्दीन–63.325.

2–श्री चौ० कुलवीर सिंह–57.140 (समाजवादी पार्टी)।



**अम्बरीष कुमार, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–422. हरिद्वार,
जिला–हरिद्वार ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० बेनी प्रसाद जी । जन्म तिथि–4 जून, 1948 । जन्म स्थान–ज्वालापुर । धर्म–हिन्दू । जाति–वैश्य । शिक्षा–एम० ए० (प्रा०भा० इतिहास), एल-एल० बी० । विवाह तिथि–29 नवम्बर, 1985 । पत्नी का नाम–डाक्टर प्रतिमा। सन्तान–एक पुत्री । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) एवं वकालत ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथमबार समाजवादी पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुये हैं । आप रुड़की एवं सहारनपुर कारागार में प्रथम बार 3 अक्टूबर, 1977 से 10 अक्टूबर, 1977 तक, दूसरी बार दिसम्बर, 1978 में तथा तीसरी बार 29 जनवरी, 1979 से 16 फरवरी, 1979 तक बन्दी रहे । आप हरिद्वार विकास समिति के सहायक मंत्री, क्रांतिकारी मंच के संस्थापक/अध्यक्ष, आर० के० गर्ग मे० सोसाइटी तथा ऋ०ब्र० आश्रम कमेटी के सदस्य हैं । एस० एम० जे० एन० डिग्री कालेज में बी० काम एवं एम० ए० की कक्षाओं को प्रारम्भ करवाने, ज्वालापुर महिला अस्पताल की स्थापना करवाने, रायसी नदी पर पुल निर्माण तथा ज्वालापुर में इलेक्ट्रानिक्स एक्सचेंज की स्थापना करवाने में आपका महत्वपूर्ण योगदान रहा है । आप विधान सभा की लोक लेखा समिति (1997-98) के सदस्य भी हैं ।

अध्ययन, राजनीति तथा खेलकूद में आपकी विशेष रुचि है तथा वन्य जीवन का आनन्द उठाना प्रिय है ।

मुख्यावास–176 रामचन्द्र कानू, ज्वालापुर, हरिद्वार ।
कुल मतदाता–2.69.072. कुल मतदान–1.59.720.
प्राप्त मत– 1–श्री अम्बरीश कुमार–64.016.
2–श्री मुनि जगदीश–51.446. (भारतीय जनता पार्टी) ।



**राजेन्द्र सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–423, मंसूरी,
जिला–देहरादून ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० घुरक सिंह । जन्म तिथि–28 जून, 1951 । जन्म स्थान–ग्राम–रैनापुर (देहरादून) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–13 ... 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुधा देवी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । ...साय–कृषि–।

मई-जून, 1991 में प्रथमबार, नवम्बर, 1993 में दूसरी बार तथा ...म्बर–अक्टूबर 1996 के मध्यावधि चुनाव में तीसरीबार भी आप भारतीय जनता ...र्टी से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आप श्री राम जन्मभूमि आन्दोलन, ...ल बन्द आन्दोलन तथा उत्तराखण्ड आन्दोलन में गोरखपुर एवं देहरादून ...गार में कुल ग्यारह दिन बन्दी रहे । विधान सभा की नियम समिति (1993- ...) तथा प्रश्न एवं संदर्भ समिति (1991-92) के आप सदस्य रहे हैं । वर्ष 1992 ... कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में आप उप मंत्री भी रहे हैं । आप कां० सो० के ... तथा राजकीय इण्टर कालेज, रानीखेत के अभिभावक संघ के मंत्री क्रमशः ... वर्ष रहे हैं । सम्प्रति विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (1997-98) ...स्य हैं ।

...षि एवं सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है ।

...स–ग्राम–रैनापुर, पोस्ट–रानी पोखरी, जिला–देहरादून ।

...दाता–2.98.081, कुल मतदान–1,54.621,

...–1–श्री राजेन्द्र सिंह–75,253,
2–श्री नवप्रभात–36,263 [अखिल भारतीय इन्दिरा कांग्रेस (तिवारी) ]।

---



**हरवंश कपूर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–424, देहरादून,
जिला–देहरादून ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० सोहन लाल । जन्म तिथि–7 जनवरी, 1946 । जन्म स्थान–बन्नू (जि० उत्तर पश्चिमी सीमान्त प्रान्त) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी० एस-सी०, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–28 जनवरी, 1974 । पत्नी का नाम–श्रीमती सविता कपूर । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–वकालत ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में, मई-जून, 1991 में, नवम्बर, 1993 में तथा अब सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में लगातार चौथी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप 1986 से 1996 तक कतिपय आन्दोलनों में जिला कारागार, देहरादून, उन्नाव, कांसखेत (पौड़ी) तथा नई दिल्ली में कुल 15 दिन बन्दी रहे । जुलाई, 1991 से दिसम्बर, 1992 तक श्री कल्याण सिंह के मंत्रिमंडल में आप ग्राम्य विकास राज्य मंत्री तथा विधान सभा की याचिका समिति (1993-95) के सदस्य रहे हैं । आप बिक्रीकर अधिवक्ता संघ, आयकर अधिवक्ता संघ और लायन्स क्लब, शिवालिक के मंत्री, देहरादून अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, भारत विकास परिषद्, देहरादून के सहसचिव एक-एक वर्ष रहे हैं तथा सनातन धर्म इण्टर कालेज, देहरादून के आजीवन सदस्य हैं । सम्प्रति विधान सभा की लोक लेखा समिति (1997-98) के सदस्य हैं ।

देशाटन, सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यों के आयोजन में आपकी विशेष रुचि है तथा उनमें सम्मिलित होना प्रिय है ।

मुख्यावास–42, खुड़बुड़ा, देहरादून ।

कुल मतदाता–2,26,209, कुल मतदान–1,07,303,

प्राप्त मत—1–श्री हरवंश कपूर–59,807,

2–श्री दिनेश अग्रवाल–19,074 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

## मुन्ना चौहान, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–425, चकराता (अ० ज० जा०),
जिला–देहरादून ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

मई–जून, 1991 में आप प्रथम बार जनता दल से तथा सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विधान सभा में वर्ष 1997-98 के लिए अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य रहे हैं सम्प्रति विधान सभा की नियम समिति के आप सदस्य हैं ।

स्थायी आवास–ग्राम–राखटांड, पोस्ट नागथात, तह०–चकराता, जिला–देहरादून ।

कुल मतदाता–2,14,305, कुल मतदान–1,24,771.

प्राप्त मत–1–श्री मुन्ना चौहान–51,014.

2–श्री प्रीतम सिंह–35,073 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

---



**नित्यानन्द स्वामी, श्री**
एम0 ए0, एल-एल0 बी0,
कांग्रेस आई,
गढ़वाल कुमायूं स्नातक
निर्वाचन क्षेत्र

पिता का नाम—स्व0 श्री बिहारी लाल स्वामी ।

जन्म-तिथि—27 दिसम्बर, 1926 नारनौल (हरियाणा) ।

विवाह—11 जून, 1949 ।

पत्नी—श्रीमती चन्द्रकान्ता स्वामी ।

सन्तान—चार पुत्रियां ।

सामाजिक एवं राजनैतिक गतिविधियां—आपके पिता श्री बिहारी लाल जी की शिक्षा ग्रेजुएट तक थी । देहरादून क्लब के सभी सामाजिक गतिविधियों में अग्रणी रहे । केन्द्र सरकार की सेवा में रहते हुये भी आपके पिता जी ने महात्मा गांधी के प्रत्येक अनशन के अवसर पर एक दिन का अनशन रखते थे । स्वतंत्रता के लिये किये गये कार्यों एवं गतिविधियों में परोक्ष रूप से भाग लेते थे। आपकी मां स्व0 श्रीमती महादेवी स्वामी जो कक्षा नौ तक ही शिक्षित थी, अपने पति के सभी राजनैतिक एवं सामाजिक कार्यकलापों में जहां तक सम्भव हो सकता था, सहयोग करती थी ।

आपकी प्रारम्भिक शिक्षा न्यू फारेस्ट स्कूल, देहरादून में हुई (1933 से 1938)। आप श्री सुभाष चन्द्र बोस एवं महात्मा गांधी की देहरादून यात्रा से प्रभावित रहे। प्रारम्भ से छात्र नेता रहे। डी0 ए0 वी0 कालेज, देहरादून से वर्ष 1939 से 1947 के बीच माध्यमिक

शिक्षा ग्रहण की । खेलकूद में विशेष रुचि हुई और स्वतंत्रता आन्दोलन के प्रति आस्था जगी । न्यू फारेस्ट कालोनी के मित्रों के साथ मिल कर स्वतंत्रता संग्राम के कार्यकलापों में सहयोग करते रहे । इस दौरान आप शिक्षक श्री मथुरा प्रसाद जी, श्री सालिगराम जी, श्री एल0 एन0 गुप्ता एवं श्री एस0 सी0 भट्टाचार्या जी से काफी प्रभावित रहे। 1942 में गांधी जी द्वारा किये गये अनशन एवं "भारत छोड़ो" आन्दोलन की घटनाओं से आप काफी प्रभावित हुये । इसी अवधि में पं0 मदन मोहन मालवीय, पं0 जवाहर लाल नेहरू तथा सुभाष चन्द्र बोस से काफी प्रभावित रहे । 1942 से 1945 तक राष्ट्रीय आन्दोलन में सक्रिय भूमिका निभाई । 1942 में छात्रों के साथ गेट पर पिकेटिंग करते हुए पुलिस हिरासत में लिये गये । 1948 से 1953 के बीच आपने उच्च शिक्षा ग्रहण की तथा शिक्षक, प्रो0 गया प्रसाद शुक्ला, प्रो0 जगमोहन स्वरूप, प्रो0 एम0 सी0 भरतरी एवं प्रो0 सुदर्शन जी से प्रभावित हुए। इसी अवधि में बाबू राजेन्द्र प्रसाद व बाबू जय प्रकाश नारायण, महात्मा गांधी व नेहरू जैसे राजनीतिज्ञों की विचारधाराओं से प्रभावित रहे । 1952 से आपकी राजनीतिक गतिविधियां आरम्भ हो गयीं । छात्र संघ के 1950 व 51 में अध्यक्ष तथा 51-52 में कालेज के सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार प्राप्त हुआ था । शिक्षा के बाद 1950-52 तक न्यू फारेस्ट स्कूल में अध्यापन कार्य किया तथा डी0 ए0 वी0 कालेज में 52 से 53 तक अध्यापन कार्य किया । इसके बाद वकालत आरम्भ कर दी । नशाबन्दी परिषद्, देहरादून में अध्यक्ष के पद पर वर्षों से कार्यरत हैं । नागरिक कल्याण समिति (रजि0) देहरादून के संस्थापक सचिव तथा लगभग 20 श्रम यूनियनों के संस्थापक हैं । देहरादून की अनेकों शैक्षणिक, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से सम्बद्ध हैं। उ0 प्र0 भारतीय मजदूर यूनियन के कई वर्षों तक अध्यक्ष रहे । 1942 में स्वतंत्रता आन्दोलन में गिरफ्तारी दी । 1952 से 1974 तक भारतीय जनसंघ में प्रदेशीय एवं राष्ट्रीय स्तर के पदों पर काम किया । विधान सभा में 1969 से 1972 तक भारतीय जनसंघ

दल के मुख्य सचेतक के रूप में काम किया। स्वतंत्रता के बाद अब तक जन समस्याओं को लेकर 18 बार राजनीतिक आन्दोलन में जेल यात्रायें कीं। आपातकाल में लगभग 1 वर्ष जेल में रहे। 1977 से 1980 तक जनता पार्टी में तथा उसके बाद लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी में चले गये तथा उसके बाद 19 दिसम्बर, 1984 को कांग्रेस आई में शामिल हो गये। छात्र जीवन में शिक्षाप्रद नाटकों का मंचन करते रहे। विधान परिषद् में अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य रह चुके हैं। 6 मई, 1984 को विधान परिषद् के सदस्य निर्वाचित हुए। 10 मई 1990 को पुनः विधान परिषद् के सदस्य निर्वाचित हुये। वर्तमान में उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के उपसभापति पद को सुशोभित कर रहे हैं।

रुचि–अध्ययन, स्पोर्ट्स।

मनोरंजन–खेल (लगभग सभी खेल)।

व्यवसाय–31 वर्षों से एडवोकेट।

प्रकाशन–विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में लेखों का प्रकाशन।

स्थायी पता–5, पार्क रोड, देहरादून, दूरभाष, 24440।

———




***इन्दिरा हृदयेश, (श्रीमती) डा०**

एम० ए० (हिन्दी एवं राजनीति शास्त्र),
बी० एड०, पीएच० डी०,
शिक्षक दल (गैर राजनीतिक)
गढ़वाल कुमायूं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र ।

**जन्म :** 7 अप्रैल, 1941 को ।

**पिता :** स्व० श्री टीकाराम पाठक ।

**वैवाहिक स्थिति :** 13 अक्टूबर, 1967 में श्री हृदयेश कुमार से । आपके दो पुत्र हैं ।

**शिक्षा :** एम० ए० (हिन्दी एवं राजनीति शास्त्र), बी० एड०, पीएच० डी० ।

**गतिविधियां :–**

**व्यवसायिक :** –अध्यापन । वर्तमान में आप ललित आर्य महिला इन्टर कालेज, हल्द्वानी (नैनीताल) में प्रधानाचार्या के पद पर कार्यरत ।

**सामाजिक :** –विभिन्न छात्र संघों की पदाधिकारी रहीं ।

–बच्चों व महिलाओं के कल्याणार्थ हमेशा जागरूक ।

–-बाल कल्याण एवं स्त्री परामर्शदात्री समिति एवं विभिन्न अखिल भारतीय महिला समितियों की सदस्य के रूप में महिला कार्यक्रमों का सम्पादन किया ।

–विभिन्न शैक्षिक पदों पर रहते हुए शिक्षा के उत्थान हेतु कार्य किया ।

–सन् 1980-82 में माध्यमिक शिक्षक संघ की उपाध्यक्ष रहीं और नैनीताल जनपद की अध्यक्ष ।

–आप अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक आयोजनों में भी भाग लेती रही हैं । पेराडेनिया विश्वविद्यालय सीलोन में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार में भाग लिया तथा क्रीड़ा समिति के अध्यक्ष के रूप में विभिन्न खेलों के आयोजन भी किये ।

| | |
|---|---|
| **राजनैतिक :** | –दिनांक 6 मई, 1974 में शिक्षक दल (गैर राजनैतिक) से गढ़वाल कुमायूं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद् की प्रथम बार सदस्या निर्वाचित तथा 5 मई, 1980 तक सदस्य रही । |
| | –6 नवम्बर, 1986 को विधान परिषद् की दूसरी बार सदस्य निर्वाचित हुई तथा 5 नवम्बर 1992 तक विधान परिषद् की सदस्य रहीं । |
| | –6 नवम्बर, 1992 में तीसरी बार विधान परिषद् की सदस्य निर्वाचित हुईं । |
| | –आपका कार्यकाल 5 नवम्बर, 1998 तक है । |
| | –वर्ष 1987 में उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की आश्वासन समिति की सभापति रहीं । |
| | –वर्ष 1989-90 में उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की प्रश्न एवं संदर्भ समिति की सभापति रहीं । |
| | –वर्ष 1990-91 में उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की आश्वासन समिति की सदस्य। |
| | –वर्ष 1991-92 में उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की याचिका समिति की सदस्य । |
| | –वर्ष 1992-93 में उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की आश्वासन समिति की सदस्य । |
| | –वर्ष 1993-94 में उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की आश्वासन समिति की सदस्य । |
| | –वर्ष 1994-95 में उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की याचिका समिति की सदस्य । |
| | –वर्ष 1995 में विधान परिषद् की नोएडा क्षेत्र विद्युत वितरण एवं बिजली की दर बढ़ाए जाने से संबंधित जांच समिति की सदस्य । |
| **विदेश यात्रा :** | लंका । |
| **रुचि :** | सामाजिक कार्य, लेखन, अध्ययन एवं पर्यटन । |
| **स्थाई पता :** | "संकलन", सिविल लाइन्स, हल्द्वानी, नैनीताल । |

---

*मा० सदस्य से जीवन परिचय प्राप्त नहीं हुआ ।